RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शनिवार 16 सितंबर 2023 वर्ष 05 अंक 143 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## BEST ने ओल्ड डबल डेकर को कहा अलविदा, उनकी जगह लेंगी ई- डबल डेकर...

# जुलाई 2024 आएंगी 900 बसें

**मुंबई : महानगर में पुरानी डबल डेकर बसों का साथ अब मुंबईकरों से छूट गया है। डीजल पर चलने वाली नॉन एसी बसों ने बेस्ट के काफीले को शुक्रवार से अलविदा कह दिया है . इन बसों की जगह अब नई अत्याधुनिक एसी ई–बसें लेंगी। लगभग 86 साल वर्ष पुरानी डबल डेकर बसें इतिहास बनकर रह जाएगी।**



### BEST का इतिहास

लगभग 149 साल पहले वर्ष 1874 में मुंबई के सार्वजनिक परिवहन में घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम की शुरूआत हुई थी। कुछ वर्षों के बाद उनकी जगह इलेक्ट्रिक ट्राम ने ले ली। 1964 में ट्राम मुंबई की सड़कों से पूरी तरह से गायब हो गई। अब मुंबई की सड़कों पर दौड़ने वाली पुरानी लाल रंग की डबल-डेकर बसें भी बेस्ट के बेड़े से बाहर हो गई हैं, जो 1937 से मुंबई के सार्वजनिक परिवहन का हिस्सा रही हैं। शेष तीन ओपन-डेक डबल-डेकर बसें भी अगले महीने से नहीं दिखेगी। मुंबई दर्शन योजना के तहत ओपन टॉप डबल डेकर बसें 1997 में महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम द्वारा शुरू की गयी थी। इनकी 15 साल की आयु सीमा समाप्त होने के बाद उन्हें स्क्रैप में डाल दिया जाएगा।

पुरानी डबल डेकर बसों की जगह 21 फरवरी 2023 से चरणबद्ध तरीके से वातानुकूलित ई-डबल डेकर बसों को शामिल किया जा रहा है। बेस्ट प्रशासन की ओर से जुलाई 2024 तक 900 ई- डबल डेकर बसें सभी 12 डिपो से चलाई जाएंगी। वर्तमान में 35 ई- डबल डेकर बसें बेस्ट में शामिल की गई है। इसमें 16 बसें मुंबई की सड़कों पर यात्रियों को सेवा दे रही हैं। अगले सप्ताह दक्षिण मुंबई के लिए और ई-बसें साथ ही उपनगरों के लिए 15 बसें चलाई जाएंगी। स्वीच मोबिलिटी कंपनी को 900 ई-डबल डेकर बसों की आपूर्ति करने का कायार्देश जारी किया गया है। इनमें से 35 बसें प्राप्त हो चुकी हैं। बेस्ट प्रशासन के अनुसार इन बसों का किराया ज्यादा नहीं है और प्रदूषण मुक्त हैं। चढ़ने-उतरने के लिए बस में दो दरवाजे हैं। सुरक्षा के लिए बस में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मोबाइल चार्ज की सुविधा भी बस में उपलब्ध है।

## महाराष्ट्र सरकार झूठे आश्वासन दे रही है, जनता के लिए क्या किया है: आदित्य

**औरंगाबाद :** शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को यहां कहा कि महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार ने झूठे आश्वासन देने के अलावा जनता के लिए कुछ नहीं किया है। औरंगाबाद और नासिक जिलों की दो दिवसीय यात्रा पर आये राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार मराठवाड़ा के लिए कई घोषणाएं करेगी, लेकिन क्या उन्हें लागू भी किया जाएगा। आदित्य ठाकरे ने क्षेत्र के दो गांवों का भ्रमण करने से पहले यहां संवाददाताओं से बातचीत में एकनाथ शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए पहले भी वादे किये गये हैं। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र में इस सरकार ने पिछले डेढ़ साल में झूठे आश्वासन देने के अलावा कोई काम नहीं किया है।''



ठाकरे ने यहां शनिवार को होने वाली मंत्रिमंडल की विशेष बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बैठक के लिए इतना खर्च कर रही है, अगर मराठवाड़ा में कुछ अच्छा होने जा रहा है तो यह सारा खर्च जायज है। उन्होंने कहा, ''लेकिन सरकार को यह बताना चाहिए कि गुजरात, गुवाहाटी और गोवा में इस तरह का जो खर्च हुआ था, वह पैसा कहां से आया था।'' उनका इशारा परोक्ष रूप से उन स्थानों की ओर था, जहां पिछले साल उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना से बगावत करने के बाद शिंदे और उनके समर्थक गये थे। राज्य सरकार ने हर साल 17 सितंबर को मनाये जाने वाले 'मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिवस' के मौके पर औरंगाबाद में कैबिनेट की बैठक आयोजित करने का फैसला किया है।

## ठाणे जिले में चार मंजिला इमारत गिरी... एक शख्स की मौत! दो के मलबे में दबे होने की आशंका



**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के डोम्बिवली इलाके में शुक्रवार को चार मंजिला रिहायशी इमारत गिरने के बाद मलबे में दबने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी. नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि प्राधिकारियों ने पहले ही इमारत को ''जर्जर और खतरनाक'' घोषित किया हुआ था. उन्होंने बताया कि कल्याण डोम्बिवली नगर निगम (केडीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में आने वाले आयरे गांव में स्थित 'आदिनारायण भवन' शाम को ढह गया. इमारत में 44 मकान थे और इसका कुछ हिस्सा गिरने के बाद बृहस्पतिवार से ही इसे खाली कराया जा रहा था. अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब पांच बजकर 40 मिनट पर इमारत गिर गयी और खोज एवं बचाव दलों ने कुछ समय बाद मलबे से सूरज बिरजा लोद्या (55) का शव निकाला. केडीएमसी प्रमुख भाऊसाहेब दांगडे ने बताया कि ऐसी जानकारी है कि दो लोग बीमार थे और उनके मलबे में फंसे होने की आशंका है जबकि बाकी अन्य निवासियों को बाहर निकाल लिया गया था. दांगडे ने पत्रकारों से कहा, ''50 वर्ष पुरानी इमारत को खतरनाक घोषित किया गया था और इसमें रहने वाले लोगों को एक नोटिस जारी कर इमारत खाली करने के लिए कहा गया था. कई लोगों ने इमारत खाली कर दी थी लेकिन कुछ इमारत में लौट आए थे.''

# पत्रकार बनकर सीएम शिंदे से सवाल करेंगे संजय राउत!

### बोले- बस पुलिस इजाजत दे दे...

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि वह 16 सितंबर को औरंगाबाद में होने वाली सीएम शिंदे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बतौर पत्रकार शामिल होंगे। बता दें कि 16 सितंबर को महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक औरंगाबाद में होगी और कैबिनेट बैठक के बाद सीएम शिंदे प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि अगर पुलिस इजाजत दे देगी तो वह बतौर पत्रकार सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद रहना चाहते हैं।

एक मीडिया चैनल से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि 'महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक शनिवार को औरंगाबाद में होगी, अगर पुलिस मुझे इजाजत दे और मुझे ना रोके तो मैं सीएम शिंदे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बतौर पत्रकार शामिल होऊंगा।' राउत ने कहा कि 'मैं बस ये देखना चाहता हूं कि सीएम शिंदे कितना झूठ बोलते हैं।' राज्यसभा सांसद संजय राउत, शिवेसना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के कार्यकारी संपादक हैं। बता दें कि हर साल 17 सितंबर को मराठवाड़ा मुक्ति दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसी मौके पर सीएम शिंदे ने औरंगाबाद में कैबिनेट की बैठक करने का फैसला किया है। दरअसल इसी दिन मराठवाड़ा का भारत में विलय हुआ था। जब भारतीय सेना ने 17 सितंबर 1948 को ही हैदराबाद के निजाम और उनकी रजाकार यूनिट को हराकर हैदराबाद पर कब्जा किया। जिसके बाद हैदाराबाद का हिस्सा रहा मराठवाड़ा क्षेत्र भी आजाद हुआ था।



### औरंगाबाद में कैबिनेट की बैठक पैसों की बबार्दी

**संजय राउत ने कहा कि 'हमें पता चला था कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह औरंगाबाद आने वाले हैं। वह हमें दिल्ली में नहीं मिलते तो हम शिव सैनिकों ने सोचा कि उनसे यहां मिलेंगे क्योंकि यह हमारी जमीन है, लेकिन उन्होंने अपना दौरा ही रद्द कर दिया है।' राज्य सरकार द्वारा औरंगाबाद में कैबिनेट की बैठक करने पर भी संजय राउत ने निशाना साधा और कहा कि यह फिजूलखर्ची है। सरकार ने इसके लिए होटल बुक किए हैं और किराए पर कारों की व्यवस्था की है। ये सब चीजें राज्य को पीछे लेकर जाएंगी। यह जनता के पैसे की बबार्दी है। संजय राउत ने सरकार पर अपने वादे पूरे ना करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि साल 2016 में मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए 49 हजार करोड़ रुपए के पैकेज का एलान किया गया था लेकिन उनमें से कितने वादे पूरे हुए? अब कहा जा रहा है कि सरकार एक और 40 हजार करोड़ रुपये के पैकेज का एलान कर सकती है। सरकार को बताना चाहिए कि वह पहले के वादे कब पूरे करेगी।**

## मुंबई में कारोबारी से दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में बेबी पाटनकर के खिलाफ मामला दर्ज




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने सस्ती दरों पर सोना दिलाने का वादा करके एक कारोबारी से दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मादक पदार्थ तस्कर शशिकला उर्फ बेबी पाटनकर और उसके सहयोगी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस सप्ताह की शुरूआत में 60 वर्षीय कारोबारी की ओर से मिली शिकायत के आधार पर पाटनकर और उसके सहयोगी परशुराम मुंडे (45) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### नई दिल्ली घोषणा पत्र पर अमल आवश्यक...

नई दिल्ली घोषणा पत्र में समस्त 83 बिंदुओं पर जी–20 के सभी देशों की सहमति बनना भारत के लिए विलक्षण उपलब्धि है। यह भारत की सफल कूटनीति एवं सकारात्मक विदेश नीति का ही परिणाम है कि रूस–यूक्रेन युद्ध के बीच भी विश्व की बड़ी शक्तियां विभिन्न मुद्दों पर एकमत हैं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण वह आर्थिक दृष्टिकोण है, जिसे इस सम्मेलन में हासिल किया गया है। यदि इन लक्ष्यों को हासिल कर लिया जाता है तो इसमें कोई संदेह नहीं कि अल्पविकसित और विकासशील देशों के नेतृत्वकर्ता के रूप में भारत स्वयं को स्थापित कर लेगा। पश्चिम एशिया के रास्ते भारत से यूरोप तक बनाया जाने वाला आर्थिक गलियारा जी–20 सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण आर्थिक उपलब्धि है। इस गेम चेंजर यानी बाजी पलटने वाले आर्थिक गलियारे के निर्माण में भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इजरायल, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी आदि देश भागीदारी करेंगे। इससे विभिन्न देशों के न सिर्फ बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए साझेदारी को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि सतत विकास को नई दिशा भी मिलेगी, क्योंकि गलियारे में सम्मिलित देशों के बीच केबल बिछाकर डाटा हस्तांतरण, रेलवे लाइन, बंदरगाह, विद्युत एवं हाइड्रोजन पाइप लाइन आदि के द्वारा दूरियां कम की जाएंगी। एक अनुमान के अनुसार इस आर्थिक गलियारे से भारत एवं यूरोप के बीच लगभग 40 प्रतिशत तक व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ–साथ इस गलियारे के बनने से स्वेज नहर से होने वाले व्यापार पर निर्भरता कम होगी। अभी तक भारत एवं यूरोप के बीच होने वाला व्यापार लाल सागर, स्वेज नहर और भूमध्य सागर के मार्ग से होता है। चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने एवं मध्य एशियाई देशों के साथ अपने संबंधों को सुधारने के लिए अमेरिका इस परियोजना में भारी–भरकम निवेश के लिए तैयार है। रूस एवं यूक्रेन पर अपनी निर्भरता को कम करने एवं कुशल श्रमशक्ति के लिए बूढ़े होते यूरोप के लिए भारत से व्यापार एक जरूरत बनती जा रही है। वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के प्रति बढ़ती चिंता के कारण मध्य एशिया के देश भी तेल एवं गैस के अतिरिक्त अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के विकास पर गंभीरता से विचार करने लगे हैं।

यह गलियारा चीन की बेल्ट एंड रोड योजना को भी एक बड़ी चुनौती पेश करता है। इस योजना के अंतर्गत चीन अत्यधिक कर्ज देकर उन देशों का शोषण करता है। इसके विपरीत भारत का दृष्टिकोण सभी देशों के साथ समन्वय और सहयोग को बढ़ाकर व्यापार बढ़ाना है। मध्य एशिया के विभिन्न देशों में रेलवे की कनेक्टिविटी को बढ़ाकर भारत अपने अनुभवों एवं निवेश द्वारा विकास की एक नई कहानी भी लिख सकता है। पचपन सदस्यों वाले अफ्रीकी संघ को जी–20 में शामिल कराने के प्रयास भी भारत के आर्थिक विकास को नया आयाम दे सकते हैं। वर्तमान में एक अरब से अधिक की आबादी वाला अफ्रीकी महाद्वीप एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाली ताकत बन चुका है। इस बाजार का अनुकूलतम उपयोग करने के लिए भारत को पारदर्शी आर्थिक सहयोग योजनाएं पेश करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी पिछले कुछ वर्षों में अफ्रीका के नौ देशों की यात्रा कर चुके हैं, जिससे व्यापार का एक अनुकूल माहौल भी बना है। चीन की कर्ज देकर शोषण करने की चाल को अफ्रीका के देश अच्छी तरह समझ चुके हैं। इसका लाभ लेने के लिए भारत को स्वयं को तैयार करने की आवश्यकता है। भारत यदि इसमें सफल रहता है तो वैश्विक आर्थिक एवं कूटनीतिक नीतियों को नया विस्तार मिलेगा।

विश्व को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए भारत ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की शुरूआत करते हुए सभी देशों को इससे जुड़ने का आह्वान किया है। इस मुहिम में भारत के साथ अमेरिका, अर्जेंटीना, ब्राजील, बांग्लादेश, इटली, दक्षिण अफ्रीका, मारीशस, यूएई आदि देश शामिल हैं। इसका उद्देश्य हरित ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत पेट्रोल में एथेनाल का मिश्रण किया जाना है। अभी यह करीब 10 प्रतिशत ही है। 2025 तक इसे 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। भविष्य में एथेनाल के हिस्से को बढ़ाकर 85 प्रतिशत तक करने पर शोध हो रहे हैं, जिससे पेट्रोल का प्रयोग 15 प्रतिशत ही रह जाएगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# क्या एक साथ आएंगे शरद पवार और अजित पवार?

## राजनीतिक गलियारों में मची हलचल...

**मुंबई :** एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की आज मुलाकात होने की संभावना है. क्योंकि आज शरद पवार की मौजूदगी में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की कार्यकारी बोर्ड की बैठक आयोजित की गई है. इस बैठक में कार्यकारी बोर्ड के सदस्य के तौर पर अजित पवार के शामिल होने की संभावना है. इसीलिए राजनीतिक हलके का ध्यान आज इस मुलाकात की ओर गया है.



**जयंत पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल के शामिल होने की संभावना**

शरद पवार वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष हैं. उनके नेतृत्व में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की कार्यकारी बोर्ड की बैठक हर साल होती है. कार्यकारी मंडल की बैठक आज होगी. यह बैठक पुणे के मंजरी में होगी. अजित पवार के साथ वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य जयंत पाटिल और सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल के भी मौजूद रहने की संभावना है.

### अजित गुट का अकाउंट सस्पेंड

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दो समूहों के बीच चल रही खींचतान के बीच, अजित पवार गुट के एक एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) के सस्पेंड ने नए विवादों को जन्म दिया है. जबकि एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि उनकी पार्टी ने एक्स के साथ कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं की है, अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने कहा कि वह इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क करेंगे. अजित पवार गुट के राज्य इकाई प्रमुख सुनील तटकरे ने कहा, ''जिस तरह से हमने भारत के चुनाव आयोग को अपना रुख सौंपा है, उसी तरह हम एक्स को भी अपना रुख सौंपेंगे.''

### कब हुई थी वसंत दादा शुगर इंस्टीट्यूट की स्थापना?

वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट का डेक्कन शुगर इंस्टीट्यूट महाराष्ट्र की सहकारी चीनी मिलों द्वारा स्थापित चीनी उद्योग से जुड़ा एक संगठन है. संस्थान की स्थापना गन्ना उद्योग से संबंधित वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षिक अनुसंधान करने के लिए की गई थी. वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की स्थापना 19 नवंबर 1975 को हुई थी. यह संस्थान 385 एकड़ क्षेत्र में संचालित होता है.

# आग की घटनाओं में पिछले वर्ष ३४ लोगों की मौत



**मुंबई :** पिछले कुछ वर्षों से मुंबई में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं इन आग की घटनाओं में मरने वालों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले वर्ष ३४ लोगों की आग की घटनाओं में मौत हो गई है, जबकि आग की घटना को लेकर १४ हजार कॉल फायर ब्रिगेड के पास आए हैं।

मुंबई फायर ब्रिगेड के आंकड़ों के अनुसार, २०१८ और २०२३ के बीच मुंबई में कुल १८,२७२ आग की घटनाएं दर्ज की गईं हैं। जिसमें १०२ लोगों की जान गई, जबकि ९६७ लोग घायल हो गए हैं। आंकड़ो में बताया गया है कि २०२१ और २०२२ के बीच कुल ३४ व्यक्तियों की मृत्यु हुई, जो पांच वर्षों में सबसे अधिक है। जबकि, २०१९ और २०२० के बीच अलग अलग आग की घटनाओं में २० मौतें और २०२० और २०२१ के बीच १८ मौतें हुईं हैं।

मुंबई में पिछले ५ वर्षों से आग की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी गई है। कुछ दिनों पहले जवेरी बाजार में तो इससे पहले इसी साल अगस्त में गैलेक्सी होटल में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। फायर ब्रिगेड के आंकड़ों के अनुसार इस साल जनवरी और अगस्त के बीच लगभग १४ हजार आपदा कॉल दर्ज की गई है। जिनमें से २,९२५ यानी ३० प्रतिशत आग लगने से संबंधित कॉल थे, जबकि ४,५१५ यानी ४५ प्रतिशत घर और इमारत गिरने के बाद बचाव कार्यों की मांग करने वाली सहायता कॉल थे।

इन घटनाओं में डूबने की घटनाएं भी शामिल हैं, जबकि २,५३३ यानी शेष २५ प्रतिशत कॉलों को 'अन्य' श्रेणी के अंतर्गत वगीर्कृत किया गया है। फायर ब्रिगेड के अनुसार २०२२ में इस अवधि के दौरान भी लगभग इतने ही आपदा कॉल दर्ज का गई, जिनमें से लगभग ४ हजार यानी २९ प्रतिशत आग से संबंधित थी, जबकि ६,३०० या ४५ प्रतिशत बचाव कॉल से संबंधित थीं।

# सचिन सावंत ने भाजपा के परिवारवाद पर निशाना साधा...

**मुंबई :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना के परिवारवाद की आलोचना की थी। उन्होंने एक सार्वजनिक सभा में आरोप लगाया था कि इन तीनों पार्टियों के नेता अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति कर रहे हैं और फायदा उठा रहे हैं, लेकिन मोदी की भारतीय जनता पार्टी के महाराष्ट्र के आदिवासी विकास मंत्री डॉ. विजय कुमार गावित इसके अपवाद बन गए हैं, ऐसा आरोप सचिन सावंत ने लगाया है। डॉ. गावित की बेटी सुप्रिया गावित की संस्था को कृषि प्रसंस्करण उद्योग के लिए दस करोड़ रुपए का अनुदान मंजूर किया गया, यह परिवारवाद नहीं है क्या? ऐसा सवाल कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने उपस्थित किया है। एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर इस योजना के तहत किसानों या छोटे उद्योग के लिए कृषि प्रक्रिया उद्योग के क्लस्टर तैयार करने के लिए केंद्रीय अन्न प्रक्रिया उद्योग मंत्रालय की एक योजना है। इस योजना के तहत देशभर के ७० कृषि प्रक्रिया उद्योग कंपनी के लिए केंद्र ने क्लस्टर मंजूर किया है। इस योजना के तहत महाराष्ट्र की तेरह कंपनियों को करोड़ों रुपए का अनुदान मंजूर किया गया है।



कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने इस सूची में शामिल कंपनियों पर उंगली उठाते हुए भाजपा के परिवारवाद पर निशाना साधा है। सचिन सावंत ने कहा कि आदिवासी विकास मंत्री डॉ. विजय कुमार गावित की कन्या सुप्रिया गावित ने रेवा तापी व्हॅली इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए २७ करोड़ ६ लाख रुपए खर्च में केंद्र सरकार ने दस करोड़ रुपए अनुदान मंजूर किया है। सचिन सावंत ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी नेताओं पर परिवारवाद का आरोप लगाते हैं तो दूसरी तरफ भोपाल में एक सार्वजनिक सभा में मोदी ने राकांपा नेता शरद पवार की आलोचना करते हुए भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था, लेकिन इस भाषण के तीसरे दिन शरद पवार के भतीजे अजीत पवार पार्टी के कई विधायकों के साथ महाराष्ट्र की ईडी सरकार में शामिल हो गए।




# मुंबई में सड़क पर वाहन चलाना अब होगा और भी महंगा,

## इतने फीसदी बढ़ा दिए गए टोल टैक्स



**मुंबई:** अगर आप अपनी फोर व्हीलर गाड़ी लेकर मुंबई में आते हैं या मुंबई से बाहर जाते हैं तो अब आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी क्योंकि टोल के दरों को बढ़ाने का फैसला किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, इस बार करीब 19 फीसदी तक टोल में बढ़ोतरी की गई है। मुंबई में दाखिल होने के लिए कुल पांच टोल गेट हैं। इन सभी टोल गेट पर टोल कलेक्शन सेंटर है। बता दें कि एक टोल नाका दहिसर, दूसरा एलबीएस रोड-मुलुंड, तीसरा ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे-मुलुंड, चौथा ऐरोली क्रीक ब्रिज और पांचवां वाशी में है।

**कब से होगा लागू?**

जानकारी दे दें कि हर 3 साल में टोल की दरों में संशोधन किया जाता है। आखिरी बार अक्टूबर 2020 में टोल की दरों में संशोधन किया गया था। सरकार द्वारा जारी नए नोटिफिकेशन के मुताबिक, मुंबई में टोल की दरें 12 से करीब 19 फीसदी तक बढ़ेंगी। ये बढ़ाई गई दरें 1 अक्टूबर से लागू की जाएंगी।

हल्के मोटर वाहन या यात्री कारों के लिए सिंगल रुट पर टोल 5 रुपये महंगा होगा, यानी 40 रुपये के बजाय 45 रुपये टोल देना होगा। इसी तरह मिनी बसों के लिए टोल की दर 10 रुपये बढ़ेगी यानी अब मिनी बस के लिए 65 के बजाय 75 रुपए टोल देने होंगे। ट्रकों और बसों को 130 के बजाय 150 रुपये चुकाने होंगे, जबकि मल्टी-एक्सल वाहनों के टोल दरों को 30 रुपए बढ़ाया गया है यानी अब 160 के बजाय 190 रुपये का शुल्क लिया जाएगा।

**कब होगा टैक्स फ्री?**

मुंबई में टोल की शुरुवात साल 2002 में हुई थी। वर्ष 2027 तक मुंबईकरों को टोल भरना होगा। इसके बाद करीब 5 टोल की मियाद पूरी हो जाएगी। इसके बाद सरकार को फैसला लेना होगा का टोल को जारी रखना है या इसे बंद कर दिया जाए।

# अस्पतालों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की होगी भरमार...

मुंबई : मुंबई समेत महाराष्ट्र के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बीते कई महीनों से दवाओं की भारी किल्लत है, जो मरीजों के लिए समस्याएं पैदा कर रही है। गरीब मरीजों को मजबूरन अधिक कीमत देकर बाहरी मेडिकल स्टोरों से दवाइयां व इलाज के लिए आवश्यक अन्य सामान खरीदने पड़ रहे हैं। इससे पूरे प्रदेश में ईडी सरकार की जमकर किरकिरी हो रही है। इस बदनामी से ईडी सरकार की आंखें खुल गई हैं और पिछली महाविकास आघाडी सरकार में स्वास्थ्य संसाधनों से संबंधित तैयार किए गए प्रस्तावों को दनादन मंजूरी देते हुए लगातार शासनादेश जारी कर रही है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि आनेवाले दिनों में मुंबई समेत प्रदेश के लगभग सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की भरमार हो जाएगी।



उल्लेखनीय है कि हाफकिन कॉर्पोरेशन ने इस साल १,५०० करोड़ रुपए के बजटीय आवंटन में से ६५० करोड़ रुपए का उपयोग नहीं किया। नतीजतन कई सरकारी अस्पतालों में दवाएं और उपकरण खत्म हो रहे हैं। मौजूदा सरकारी स्वामित्व वाला हाफकिन बायो फॉर्मास्युटिकल कॉरपोरेशन दवाओं व उपकरणों की खरीदी में देरी कर रहा है। इस कारण प्रदेश के कई सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग के अधीन आनेवाले स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की भारी कमी देखी जा रही है। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की किल्लत ने मरीजों और उनके परिजनों को हलकान कर दिया है। अस्पतालों में सभी दवाइयां न मिलने से इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को मजबूरन बाहर स्थित मेडिकल स्टोरों पर जाकर अधिक कीमत का भुगतान करके दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। कई दवाएं इतनी महंगी होती हैं, जो उनके बजट के बाहर होती हैं। हालांकि, प्रदेश के अस्पतालों में बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने में ईडी सरकार नाकाम साबित हो रही थी। उसकी इस नाकामी को लेकर महाराष्ट्र की जनता में जमकर बदनामी हो रही थी। इससे बचने के लिए मौजूदा सरकार को मजबूर महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में दवाओं और मेडिकल उपकरण की खरीददारी को लेकर तैयार किए प्रस्तावों को मंजूर करते हुए लगातार शासनादेश जारी कर रही है।

शासनादेश जारी कर बताया गया है कि सिरप, एंटी स्नैक वेनम सिरम, डिप्थीरिया एंटी टॉक्सिन इंजेक्शन अन्य कई इंजेक्शन, पीसीएम, ऑग्मेंटिन, एमोक्सीसिलिन, मेटफॉर्मिन, एजिथ्रोमाइसिन समेत कई दवाइयां खरीदी जाएंगी। इसके साथ ही मोबाइल एक्स-रे, सिरिंज पंप, मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, सीपैप, मॉनिटर विटल साइन आदि उपकरण खरीदे जाएंगे।

जारी किए गए शासनादेश में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि ईडी सरकार के राज में बड़ी संख्या में अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ ही ठेका कर्मियों का वेतन बकाया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधीन आनेवाली कई इमारतों का किराया भी बकाया है। हालांकि, इन सभी का भुगतान करने के लिए ३.०३ करोड़ रुपए आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अनुमान है कि जल्द ही वेतन समेत अन्य बकायों का भुगतान कर दिया जाएगा।

# औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी ने सर्जन से मांगी रिश्वत, एसीबी ने दर्ज किया केस



**पालघर :** पालघर में एक सर्जन से कथित तौर पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। बता दें कि एक औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य निदेशालय के एक अधिकारी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। मामले को लेकर एसीबी ने गुरुवार को कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पालघर जिले में एक सर्जन से कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएसएच) के एक अधिकारी (नितिन आनंदराव गजपुरे) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पालघर एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद गावड़े ने कहा कि सर्जन के पास जिले में विभिन्न कारखानों और इकाइयों का दौरा करने और अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच करने और चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी करने की आवश्यक अनुमति थी।

# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की विशेष बैठक

**मुंबई:** छत्रपति संभाजीनगर : महाराष्ट्र सरकार 15 से 17 सितंबर के बीच मराठवाड़ा मुक्ति दिवस के तीन दिवसीय उत्सव और अमृत महोत्सव के समापन समारोह की पूर्व संध्या पर 16 सितंबर को विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित करेगी। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार शाम मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरकार ने प्रत्येक जिले को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मेजबानी करने का निर्देश दिया है, जिसमें स्कूली छात्रों द्वारा सुबह जुलूस और 17 सितंबर को झंडा फहराने का समारोह भी शामिल है। दोपहर के समय इनडोर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। केंद्रीय मंत्री 16 सितंबर की शाम छत्रपति संभाजीनगर में मुख्य समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले सुबह कैबिनेट की बैठक होगी। उम्मीद है कि राज्य मंत्रिमंडल वर्तमान में सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए एक विशेष पैकेज की घोषणा करेगा। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शहर भर में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और उद्घाटन में शामिल होंगे।

# मुंबई, ठाणे और पालघर समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों में होगी मूसलाधार बारिश, येलो अलर्ट जारी...

**महाराष्ट्र :** मौसम विभाग ने गुरुवार को 15 सितंबर के लिए मुंबई, ठाणे, पालघर आदि और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों के लिए पीला अलर्ट जारी किया. मुंबई में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, ''अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है.''मौसम विभाग ने मौसम बुलेटिन में सिंधुदुर्ग, नासिक, पुणे और अहमदनगर के लिए ग्रीन अलर्ट भी जारी किया है.

**आपके शहर में कैसा रहेगा मौसम?**

आईएमडी ने शनिवार को पालघर,



ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, नागपुर, गोंदिया, भंडारा में अलग-अलग स्थानों पर बिजली के साथ गरज के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है. गोंदिया, भंडारा, नागपुर में कुछ स्थानों पर, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, वर्धा, यवतमाल में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है. अमरावती, अकोला, वाशिम और बुलढाणा में अलग-अलग स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है.

मानसून मुंबई और इसके आसपास के इलाकों सहित महाराष्ट्र में वापस आ गया है. आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरी कोंकण, दक्षिण कोंकण, गोवा, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, पूर्वी विदर्भ और पश्चिम विदर्भ सहित महाराष्ट्र के सभी क्षेत्रों में व्यापक वर्षा होने की उम्मीद है. मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में अगले 24 से 48 घंटों के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं और शहर और उपनगरों में हल्की बारिश की संभावना है. अधिकतम तापमान 32-33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है.

### क्या लोगों को पानी की होगी दिक्कत?

इस बीच, बीएमसी आंकड़ों के अनुसार, मुंबई में, शहर को पीने के पानी की आपूर्ति करने वाले सात जलाशयों में सामूहिक झील का स्तर अब 97.09 फीसदी है. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को मुंबई को पीने का पानी आपूर्ति करने वाले सात जलाशयों में सामूहिक जल भंडार अब 14,05,190 मिलियन लीटर पानी या 97.09 फीसदी है. मुंबई में लगातार बारिश के बाद भी झील का स्तर बढ़ने के बावजूद, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष झील का स्तर अभी भी नीचे है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 14 सितंबर, 2023 को मुंबई और उसके उपनगरों में हल्की बारिश के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है. यह मौसम अपडेट शहर में पिछले दिन अलग–अलग स्तर की बारिश के अनुभव के बाद आया है.

# एनसीपी और पार्टी सिंबल के दावे पर अजित पवार का बड़ा बयान,

## कहा- 'हम भी चुनाव आयोग के सामने...'



**मुंबई:** एनसीपी पार्टी के चुनाव चिन्ह और नाम के दावे पर भारत चुनाव आयोग की सुनवाई पर एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का कहना है, ''हर किसी को अपना पक्ष रखने का अधिकार है, हम भी चुनाव आयोग के सामने अपना पक्ष रखेंगे.'' इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा करने वाले बागी अजित पवार के समूह की याचिका पर विचार नहीं करने का आग्रह किया है और कहा है कि अगर आज इसकी अनुमति दी जाती है, तो कोई भी पार्टी सदस्य किसी भी दिन एक ''तुच्छ''याचिका दायर कर सकते हैं और अजित का पार्टी अध्यक्ष होने का दावा हास्यास्पद और अवैध है. अजित पवार ने 2 जुलाई को अपने चाचा और एनसीपी प्रमुख शरद पवार के खिलाफ विद्रोह कर दिया था और आठ अन्य नेताओं के साथ बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ राज्य सरकार में शामिल हो गए थे.

### किसके पास कितने विधायक?

शरद पवार के नेतृत्व में एनसीपी द्वारा विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को सौंपी गई अयोग्यता याचिकाओं ने पार्टी के भीतर स्पष्ट विभाजन पर प्रकाश डाला है. शरद पवार के पास अब केवल 11 विधायकों का समर्थन है, जबकि उपमुख्यमंत्री अजित पवार, जिन्होंने 2 जुलाई को अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ विद्रोह करके बीजेपी के साथ गठबंधन किया था, ने 41 विधायकों का समर्थन हासिल कर लिया है. दोनों पक्षों ने समर्थक विधायकों की सटीक संख्या का खुलासा करने से परहेज किया था. हालांकि, दो महीने से अधिक समय के बाद उन्होंने अब आधिकारिक तौर पर संख्याओं का खुलासा किया है.




# 'महाराष्ट्र में जो हुआ वह दोबारा...'

## मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार पर साधा निशाना



**मुंबई :** मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे मनोज जारांगे ने गुरुवार को अपने विरोध के 17वें दिन अपना अनशन समाप्त कर दिया, जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनसे मुलाकात की और आश्वासन दिया कि सरकार मराठों को आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. सीएम शिंदे अपने कुछ मंत्रिमंडल सहयोगियों और अन्य नेताओं के साथ सुबह करीब 10.45 बजे जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव पहुंचे. सीएम ने जारांगे से मुलाकात की और कुछ देर तक उनसे बातचीत की. सुबह करीब 11.15 बजे जारांगे ने सीएम शिंदे द्वारा दिया गया एक गिलास जूस पीकर अपना अनशन खत्म किया.

### राज ने साधा निशाना

**इसपर अब मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे का बयान सामने आया है. ट्विट करके ठाकरे ने कहा, 'यह संतोष की बात है कि मराठा आरक्षण के लिए पिछले 17 दिनों से चल रही भूख हड़ताल को मनोज जारांगे पाटिल ने वापस ले लिया. यह अच्छा है कि सीएम एकनाथ शिंदे ने समाधान में मध्यस्थता की. लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस भूख हड़ताल को खत्म करते समय सरकार की ओर से कोई अधूरा वादा नहीं किया जाएगा.'**

राज ठाकरे ने आगे कहा, 'मराठा समुदाय का युवा आज बेचैन है, अपने भविष्य को लेकर चिंतित है और यह सही भी है. यह देखा जाना चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा इन युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार दिलाने के लिए जो भी योजनाएं लाई गई हैं या इस समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए मदद करने वाली योजनाएं लाई गई हैं, उनका क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाएगा या नहीं.

# महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटरों के लिए बीजेपी का खास प्लान तैयार...

## क्या MVA गठबंधन को होगा नुकसान?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में चुनाव से पहले पक्ष और विपक्ष ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी है. महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वे महाराष्ट्र में मुसलमानों तक पहुंच रहे हैं और परिणामस्वरूप, समुदाय के लगभग 20 फीसदी लोग बीजेपी के पक्ष में मतदान करेंगे. चंद्रशेखर बावनकुले पुणे में थे और उन्होंने बुधवार को राज्य के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के



### क्या बोले चंद्रशेखर बावनकुले?

**एक रिपोर्ट के अनुसार, बावनकुले ने कहा कि वे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 48 अल्पसंख्यक नेताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया में हैं. "इससे यह सुनिश्चित होगा कि सरकार की उपलब्धियां राज्य भर के मुसलमानों तक पहुंचें."उन्होंने कहा, "हमारे मुस्लिम नेता हर निर्वाचन क्षेत्र में 3.5 लाख घरों तक पहुंचने के लिए 'घर चलो' योजना का नेतृत्व करेंगे."**

सदस्यों से मुलाकात की. उन्होंने कहा, "पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुस्लिम परिवार भारत की सफलता का अनुभव कर रहे हैं. सभी प्रगति को देखते हुए, मुझे विश्वास है कि महाराष्ट्र में 20 फीसदी मुसलमान लोकसभा चुनाव में हमारे पक्ष में मतदान करेंगे.

### इंडिया गठबंधन पर भी साधा निशाना

**मराठा आरक्षण के लिए मराठा कार्यकर्ता मनोज जारंगे की भूख हड़ताल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "सरकार मौजूदा ओबीसी कोटा को छेड़े बिना मराठा समुदाय को एक अलग श्रेणी के तहत आरक्षण देने की योजना पर काम कर रही है."इस बीच, बावनकुले ने सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ कोई रुख नहीं अपनाने के लिए उद्धव ठाकरे की आलोचना की. उन्होंने कहा, "उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह उदयनिधि के बयान का समर्थन करते हैं या नहीं. यदि वह बयान का समर्थन नहीं करते हैं, तो क्या वह विरोध में भारत का मोर्चा छोड़ देंगे? अगर वह ऐसा नहीं करते हैं, तो हमें पता चल जाएगा कि उनका हिंदुत्व नकली है.**

# लाखों रुपये ड्रग्स व गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत तुलिंज पुलिस स्टेशन व मध्यवर्ती अपराध जांच सेल ने गांजा व एम. डी. ड्रग्स जप्त करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त दोनो आरोपी पर (तुलिंज व विरार) पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी ने 13 सितंबर को की है। मिली जानकारी के अनुसार, तुलिंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नालासोपारा पूर्व के प्रगति नगर क्षेत्र से एक 45 वर्षीय (आसिम आवेश शेखानी) को पकड़ा, जिसके पास पुलिस ने 29 ग्राम एम. डी. ड्रग्स जप्त किया। पुलिस ने बताया कि, ड्रग्स की कुल कीमत 1,45,000 रुपये आकी गयी है। आरोपी आसिम को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके ऊपर तुलिंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# क्राइम ब्रांच की टीम ने एक आरोपी को पकड़ कर 17 अपराधों का किया खुलासा



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच युनिट 2 ने वाहन चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करके 17 मामले को सुलझाते हुऐ 5 लाख से अधिक का माल जप्त किया है। युनिट 2 के पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे के नेतृत्व में स.पो.नि.सुहास कांबले व सागर शिंदे की टीम ने यह सफलता पाई है। पुलिस ने बताया कि आचोले थाने में शिकायतकर्ता दिपक मदनलाल शाह(45) ने 31 अगस्त व 1 सितंबर की रात्रि के दरम्यान आचोले रोड,जया पॅलेस नालासोपारा पूर्व में रोड पर वॅगनार कार क्रमांक एम.एच 38 ओ.डब्लु 1012 खड़ी किया था। अज्ञात चोर उपरोक्त वाहन चोरी कर फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर आचोले थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।वसई यूनिट 2 ने वाहन चोरी के अपराध स्थल पर जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही थी। अचोले पुलिस स्टेशन 423/2023 की धारा 379 के अनुसार इस वाहन चोरी अपराध में चोरी हुई वॅगनार कार के सीसीटीवी फुटेज का पता लगा ही रही थी की इसी बीच उक्त वॅगनार कार श्रीराम नगर, नालासोपारा पूर्व में दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली। उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चालक के संबंध में आसपास के क्षेत्र में जांच करने पर पता चला कि उक्त आरोपी को दुर्घटना में माथे पर चोट आयी थी। पुलिस ने पता लगाना चालू किया की घायल आरोपी दुर्घटनास्थल के आसपास इलाज के लिए गया होगा। अस्पताल में जांच करने पर पता चला कि आरोपी धानिव बाग स्थित साई अस्पताल में इलाज कराया था। आरोपी शादाब उर्फ बाबा उर्फ तावड़े नौशाद शेख 23 को हिरासत में लेकर जांच किया तो पता चला कि यही आरोपी है अपराध में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे की जांच की गई तो कमिश्नरेट क्षेत्र अंतर्गत वाहन चोरी के 11 मामले 1 घरफोडी चोरी,1 मोबाइल चोरी व 1 अन्य चोरी कुल 14 मामले व मुंबई पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत 3 मामले का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपि से वाहन चोरी,सेंधमारी व अन्य चोरी की कुल 17 वारदातों का खुलासा हुआ है। 12 दोपहिया, चार पहिया, 4 मोबाइल और 1 डुप्लीकेट चाबी बनाने के लिए हैंड वाइस और चाबियों का सेट कुलमिलाकर 5,94,500 रुपये का माल जप्त किया है।गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मुंबई के विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन में भी शिकायत दर्ज हैं।

# बदमाशों ने ब्लेड से बुजुर्ग का प्राइवेट पार्ट काटा, खून से लथपथ तड़पता हुआ छोड़ भागे

**समस्तीपुर :** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा गांव से समस्तीपुर बाजार आ रहे एक 58 वर्षीय वृद्ध को रास्ते में दो बदमाशों ने चकमा देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। बदमाश उसे बूढ़ी गंडक नदी के ढाब में सुनसान जगह पर ले गए।

इसके बाद ब्लेड से उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया और जख्मी हालत में तड़पता छोड़कर वहां से भाग निकले। गुरुवार देर शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर डीह गांव में सुनसान जगह पर वृद्ध अचेतावस्था में खून से लथपथ मिला। वहां से गुजर रहे एक ग्रामीण की नजर पड़ी तो आसपास के लोगों को घटनास्थल पर बुलाया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जख्मी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया। जख्मी की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा वार्ड 05 निवासी स्व. निरस साह के पुत्र 58 वर्षीय रविन्द्र साह के रूप में हुई। पुलिस द्वारा



स्वजनों को तत्काल इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

कल्याणपुर के लदौरा गांव निवासी रविन्द्र साह गांव में ही जनरल स्टोर की एक दुकान चलाते हैं। होश आने पर पीड़ित जख्मी ने बताया कि गुरुवार को समस्तीपुर कचहरी में कुछ निजी काम था। सुबह करीब 11 बजे गांव लदौरा चौक पर ही ऑटो पर सवार होकर समस्तीपुर बाजार की ओर निकले। रास्ते में मगरदही घाट के पास आटो स्टैंड में रुके, जहां दो लोगों ने चकमा देकर अपनी बाइक पर जबरन बैठा लिया।

इसके बाद जितवारपुर बूढ़ी गंडक नदी के ढाब में सुनसान जगह पर ले गए, जहां बदमाशों ने जबरन ब्लेड से उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया और वह जमीन अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। होश आने पर वह अस्पताल में इलाजरत हैं।

पीड़ित जख्मी ने गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा हत्या के प्रयास का संदेह जताया है। बताया कि पूर्व में गांव में ही पांच धूर जमीन को लेकर एक व्यक्ति से विवाद चल रहा है, उसके द्वारा कई बार हत्या की धमकी दी गई थी। वहीं, मुफस्सिल थानाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि जख्मी का बयान दर्ज कर जल्द आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com